

प्रकाशन का 107 वाँ वर्ष

अज

3 रूपये मात्र



लखनऊ, रविवार 25 अक्टूबर, 2026 | Online Edition : www.ajhindidaily.com | नगर संस्करण पृष्ठ-12 | मूल्य 3.00 रुपये

वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, (मध्य प्रदेश संस्करण), कानपुर, (झांसी संस्करण), लखनऊ , आगरा, बरेली, पटना, रांची, (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

'डीपफेक' का आवरण ओढ़े अपराधियों को भी खोज निकालेंगे-मुख्यमंत्री

एआई मददगार हो सकता है, निर्णयाक नहीं बनना चाहिए

लखनऊ (आससे)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और 'डीपफेक' के दौर में अपराधी कितना भी तकनीक का आवरण ओढ़ ले, राज्य की वैज्ञानिक और विधिक क्षमता उसे खोज निकालेगी। मुख्यमंत्री लखनऊ स्थित उप्र राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान में आयोजित तीन-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'टेक संगम 2026' के दूसरे दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन कर रहे थे। योगी ने कहा एआई हमारे लिए मददगार हो सकता है, लेकिन उसे निर्णायक नहीं बनना चाहिए। प्रौद्योगिकी का संचालन मानव विवेक से होना चाहिए, न कि मनुष्य तकनीक के विवेक पर निर्भर हो जाए। पूरी तरह एआई पर निर्भरता भविष्य में संकट बन सकती है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक साक्ष्यों, फॉरेंसिक जांच और आधुनिक तकनीक के समन्वय से अपराध अनुसंधान को प्रभावी बनाने के साथ न्याय मिलने में होने वाली देरी को भी कम किया जा सकेगा। एक बयान के मुताबिक, इस अवसर पर उन्होंने क्वांटम फॉरेंसिक्स और विधिक अनुपालन के क्षेत्र में कार्य करने वाले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ किया। साथ ही कंसेंट मैनेजमेंट पोर्टल लॉन्च किया, अभेद्य परियोजना की आधारशिला रखी और एआई इन कंस्ट्रक्शन पुस्तक का अनावरण किया। सम्मेलन में साइबर सुरक्षा, डिजिटल साक्ष्य, क्वांटम तकनीक, फॉरेंसिक विज्ञान और एआई के न्यायिक एवं प्रशासनिक उपयोग पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था में आए बदलाव का उल्लेख करते हुए बताया करीब 100 एकड़ की जिस जमीन पर आज विश्वस्तरीय फॉरेंसिक संस्थान खड़ा है, उस पर कभी लखनऊ के एक बड़े भू-माफिया का कब्जा था।

योगी ने टेक संगम 2026 के दूसरे दिन का किया उद्घाटन




जदयू विधायक अनंत सिंह पार्टी से निष्काषित

पटना (आससे)। बिहार की राजनीति में जदयू ने अनंत सिंह के खिलाफ बड़ी कारवाई की है। पार्टी ने उन्हें छह साल के लिए निष्कासित करते हुए प्राथमिक सदस्यता तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है। पार्टी की ओर से जारी पत्र में अनंत सिंह पर पार्टी के निर्देशों की लगातार अवहेलना करने, शीर्ष नेतृत्व के लिए अमर्यादित और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने तथा हाल ही में संपन्न विधान परिषद चुनाव में पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ काम करने और दूसरे दल के उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने का आरोप लगाया गया है। इसी पत्र में पूर्व विधायक नीलम देवी के खिलाफ भी कार्रवाई की जानकारी दी गयी है। जदयू के पत्र के मुताबिक, अनंत कुमार सिंह ने पिछले कुछ दिनों से लगातार पार्टी के निर्देशों की अवहेलना की।

आजमगढ़ की मतदाता सूची में गड़बड़ी का मामला

कम्प्यूटर सहायक, पांच बूथ लेवल अधिकारी हटाये गये अन्य दो अधिकारियों के विरुद्ध एक्शन का फरमान

लखनऊ (आससे)। समाजवादी पार्टी द्वारा 15 अक्टूबर को प्रेस वार्ता के माध्यम से लगाये गये आरोप विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 347-आजमगढ़ की मतदाता सूची में विकास यादव नामक व्यक्ति का नाम 10 बार अंकित होने का त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रकरण की विस्तृत जांच आख्या जिला निर्वाचन अधिकारी आजमगढ़ से प्राप्त की गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जांच आख्या के अनुसार समान नाम,समान वल्दियत का एक मतदाता गोरखपुर के विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र चौरीचौरा से सम्बन्धित है, जो 13 प्रविष्टियों से भिन्न है। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 347-आजमगढ़ की मतदाता सूची में आरोप में उल्लिखित मतदाता ''विकास यादव'' का हिन्दी में नाम 13 बार अंकित होना पाया गया। 13 जगह मतदाताओं के नाम हिन्दी में ''विकास यादव'' प्रदर्शित होने के संदर्भ में



2 जगह पूर्व में ही नियमानुसार विलोपन की कार्यवाही की जा चुकी है। शेष 11 प्रविष्टियां आजमगढ़ के 11 अलग-अलग व्यक्तियों से सम्बन्धित हैं, जो अपने-अपने गांव में वर्तमान में निवास कर रहे हैं और 11 में वास्तविक ''विकास यादव'' को छोड़कर अन्य 10 व्यक्तियों के वास्तविक नाम एवं अन्य विवरण के संशोधन हेतु को फार्म-8 भरवा दिया गया है।प्रकरण में दोषी पाये गए मतदाता पंजीकरण केन्द्र के कम्प्यूटर सहायक एवं बूथ लेवल अधिकारियों को मतदाता सूची के कार्य से तत्काल हटाते हुए उनकी सेवा समाप्त किये जाने सम्बन्धी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

आगरा में तीन बूथों पर पुनर्मतदान कल

लखनऊ, (आससे)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव के बाद आगरा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के तीन मतदान स्थलों पर दोबारा वोटिंग होगी। आयोग ने २६ अक्टूबर को सुबह ८ बजे से शाम ४ बजे तक फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। इस संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर ने पुनर्मतदान कराने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग को पत्र भेजा है।

पीएम आज काशी में नारी शक्ति से करेंगे संवाद

नमो घाट पर वायुसेना के विंगशो में होंगे शामिल

वाराणसी (का.प्र.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अक्टूबर को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर रहेंगे। वह मिर्जामुराद क्षेत्र के रूपापुर गांव में अरविंद मिल की नई औद्योगिक इकाई का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री वहां कार्यरत महिला कर्मचारियों से संवाद कर नारी शक्ति, रोजगार और आत्मनिर्भरता का संदेश देंगे।नई परिधान निर्माण इकाई से वस्त्र एवं परिधान उद्योग को गति मिलने के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। खासकर महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने और उन्हें रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने पर प्रधानमंत्री का संवाद केंद्रित रहेगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नमो घाट पहुंचकर भारतीय वायुसेना के 'एयर फोर्स डे एरियल डिस्प्ले-2026' का रोमांच देखेंगे। 'विंग्स ओवर गंगा' थीम पर होने वाला यह हवाई प्रदर्शन भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। गंगा के ऊपर आसमान में लड़ाकू विमानों और वायुसेना के जांबाजों का प्रदर्शन काशी के लिए खास आकर्षण होगा।वाराणसी कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री भुवनेश्वर जाएंगे, जहां भारतीय रिजर्व बैंक के नवनिर्मित डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन करेंगे।



फारूक ने गाया पाकिस्तानी राग, कहा कश्मीर का मुद्दा उठाकर हमें बचा रहा

दिल्लीकी नीयत ठीक नहीं

बारामूला (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को एक बार फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सरकार हमारी मदद नहीं कर सकती। हमारे पड़ोसी को देखिए वह हर जगह कश्मीर का मुद्दा उठा रहा है। वह हमें बचा रहा है, वरना हमारी सरकार की नीयत ठीक नहीं है। बारामूला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए फारूक ने कहा-केंद्र सरकार बड़े-बड़े दावे करती हैं और बातचीत की बातें करते हैं, लेकिन दिल्ली से आप क्या उम्मीद कर सकते हैं। उनका सामना कीजिए। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे, तो हमारी पहचान मिट जायेगी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कहा, फारूक अब्दुल्ला के भीतर का पाकिस्तान समय-समय पर जाग जाता है। जब उनके अंदर का पाकिस्तान सामने आता है, तो वे इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना बयान देते हैं। ऐसे बेतुके बयान देने से पहले फारूक अब्दुल्ला को सोचना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद के नेता विनोद बंसल ने कहा, कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा।

बांदीपोरा में कट्टरपंथी नेटवर्क का खुलासा, छह गिरफ्तार

श्रीनगर (आससे)।जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बांदीपोरा जिले में जेल से संचालित कट्टरपंथी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है।यह मॉड्यूल प्रतिबंधित संगठन इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन से जुड़ा था और महिलाओं के माध्यम से अलगाववादी विचारधारा तथा प्रचार सामग्री फैलाने की कोशिश कर रहा था।मामले में चार महिलाओं समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि शुरुआती जांच में पाकिस्तान स्थित एक हैंडलर के निर्देश पर नेटवर्क के संचालन की बात सामने आयी है।



